राजधानी •
वर्ष 16 | अंक 313 | पृष्ठ : 18
मूल्य : चार रुपये या
पांच रुपये उड़ान सहित
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 20 फरवरी 2019

सेना की दो टूक **जैश पाकिस्तान का बच्चा, पुलवामा हमले में आईएसआई का हाथ**

दिल्ली-एनसीआर

शहीद जवानों के बच्चों को 12वीं तक निशुल्क शिक्षा देगा गौड़ ग्रुप

ग्रेटर नोएडा। पुलवामा में शहीद जवानों के परिवारों की मदद के लिए गौड़ ग्रुप ने भी हाथ बढ़ाया है। ग्रुप ने सभी जवानों के बच्चों को 12वीं तक अपने स्कूल में निशुल्क शिक्षा देने जिम्मेदारी उठाई है। साथ ही 600 कर्मचारी एक दिन का वेतन देंगे। ग्रुप दो शहीद जवान के परिवार को फ्लैट भी देगा। मंगलवार को ग्रेनो वेस्ट के गौड़ इंटरनेशनल स्कूल में एक कार्यक्रम में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने कहा कि इस घटना को भूला नहीं जा सकता। शहीद जवानों के बच्चों की शिक्षा और आजीविका की देखभाल के फैसले से छोटी सी मदद का प्रयास किया है। कहा कि केडाई ने सभी शहीद जवानों के परिवारों को फ्लैट देने का फैसला लिया है। इनमें से दो फ्लैट गौड़ ग्रुप देगा।